

01

# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,सोमवार,15,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com

# भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया,सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर दिलाई जीत

सूर्यकुमार ने कहा कि टीम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनो के साथ है। भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर एशिया कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में मिली जीत को भारतीय सेना को समर्पित किया है। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम पहगलाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनो के साथ है। भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर एशिया कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर विवाद हो रहा




था और देश में इस मैच का बहिष्कार करने की मांग हो रही थी। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, मैं कुछ कहना चाहता हूं और यह मौका भी सही है। हम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवार के साथ हैं और इनके साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं। मैं यह जीत (पाकिस्तान के खिलाफ) हमारे सभी सशस्त्र बलों को समर्पित करता हूं जिन्होंने काफी बहादुरी दिखाई है। उम्मीद है कि वे आगे भी हमें प्रेरित करते रहेंगे और जब भी हमें उन्हें खुशी देने का मौका मिलेगा, हम उनके चेहरे पर हंसी लाते रहेंगे।

# 'बच जाती मेरे पिता की जान, आखिर 22KM दूर क्यों..', वित्त मंत्रालय के अफसर की मौत पर बेटे के सवाल



देश की राजधानी दिल्ली में रिंग रोड स्थित दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास एक रविवार को BMW कार ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई और उनकी पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दिल्ली कैंट के धौलाकुआं इलाके में एक बीएमडब्ल्यू कार ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में कार्यरत उप सचिव नवजोत सिंह को कुचल दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। दोनों बाइक पर सवार थे। नवजोत सिंह की मौत पर उनके बेटे ने सवाल उठाए हैं। मृतक के बेटे नवनूर सिंह का आरोप है कि हादसे के बाद उनके पिता को किसी बड़े सुपरस्पेशलिटी अस्पताल या एम्स जैसे संस्थान ले जाने की बजाय 22 किलोमीटर दूर एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां जरूरी सुविधाएं उपलब्ध ही नहीं थीं। उनके माता-पिता को एंबुलेंस की बजाय डिलीवरी वैन में अस्पताल ले जाया गया। सही इलाज न मिलने के कारण पिता की जान चली गई। नवनूर ने बताया कि उनके माता-पिता बंगला साहिब गुरुद्वारे से लौट रहे थे और कर्नाटक भवन में खाना खाने के लिए रुके थे। जब यह हादसा हुआ, तब वे धौला कुआं होते हुए हरि नगर जा रहे थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने के बजाय, दुर्घटनास्थल से लगभग 22 किलोमीटर दूर एक अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने दावा किया कि उनकी मां को गंभीर हालत होने

# छत्तीसगढ़ के दर्शनार्थियों से भरी बस ट्रेलर से टकराई

**Jaunpur Road Accident: उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में भीषण हादसा हुआ। जिसमें चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हैं।** सभी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन कर काशी जा रहे थे। इसी दौरान भोर में हादसा हुआ। Jaunpur Road Accident: जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर में रविवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में अब तक चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के निवासी हैं।



छत्तीसगढ़ से 50 श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या गई थी। अयोध्या दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु वाराणसी श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। भोर में करीब तीन बजे बस लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर में पहुंची थी। जहां ट्रेलर को ओवरटेक करने के चक्कर में बस टकरा गई।

# बिहार में सीट बंटवारा

## महागठबंधन और NDA के सामने कठिन चुनौती; कहीं मांग बनी बाधा, कहीं नए सहयोगियों ने उलझाया

बिहार में चंद हफ्ते बाद विधानसभा चुनाव 2025 का बिगुल बजेगा। इससे पहले सीट बंटवारे को लेकर तमाम दलों के बीच मंथन हो रहा है। बात चाहे महागठबंधन की हो या राजग, चुनाव की आधिकारिक घोषणा से पहले सीटों का आवंटन कड़ी चुनौती है। खबरों के मुताबिक राजग में चिराग, मांझी, कुशवाहा की मांग बाधा बन रही है। महागठबंधन



में नए सहयोगियों के प्रवेश ने उलझा रखा है। पढ़िए बिहार के सियासी चौसर से जुड़ी यह रोचक रिपोर्ट बिहार विधानसभा चुनाव में बमुश्किल डेढ़ से दो महीने का समय बचा है।

# 'ये समर्थन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को हिला देगा',रैलियों में उमड़ी भीड़ देख बोले TVK प्रमुख विजय

मिल अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय ने तिरुचिरापल्ली से अपने पहले राज्यव्यापी राजनीतिक दौरे की शुरुआत की। भारी भीड़ देखकर उन्होंने दावा किया कि यह समर्थन उनके विरोधियों को हिला देगा। विजय ने DMK पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी 2026 विधानसभा चुनाव में इतिहास दोहराएगी।चेन्नई से शुरू हुई अभिनेता-राजनीतिज्ञ विजय की राजनीतिक यात्रा ने तमिलनाडु की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। विजय ने तिरुचिरापल्ली से अपने पहले राज्यव्यापी राजनीतिक दौरे की शुरुआत की, जहां भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को हिला देगा। विजय ने दावा किया कि उनकी पार्टी टीवीके अगले विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी।विजय ने बिना नाम लिए डीएमके पर हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अतीत में डीएमके ने एआईएडीएमके के संस्थापक एमजी रामचंद्रन के खिलाफ नफरत दिखाई थी, तो क्या अब




विजय ने कहा कि जिस तरह 1967 में सीएन अन्नादुरै की अगुवाई में डीएमके ने कांग्रेस को हराया था और 1977 में एमजीआर ने डीएमके को सत्ता से बाहर किया था, उसी तरह उनकी पार्टी टीवीके भी 2026 में इतिहास दोहराएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी अगले चुनाव में नई ताकत बनकर उभरेगी।विजय की रैलियों में भारी भीड़ के कारण कई जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा हुई। तिरुचिरापल्ली में उनके

प्रशंसक बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ने लगे, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मौके पर अपने कार्यकर्ताओं की अनुशासनप्रियता की सराहना की और विजय पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा।भारी भीड़ के कारण विजय परम्बलूर नहीं जा पाए और केवल तिरुचिरापल्ली, अरियालुर और कुन्नम तक का दौरा कर सके। उन्होंने वादा किया कि जल्द ही परम्बलूर के लोगों से भी मिलेंगे।



# Aaj Ka Rashifal 15 September

## इन पांच राशि वालों का चमक उठेगा भाग्य और बढ़ेगा मान-सम्मान

15 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 15 सितंबर 2025 का राशिफल। आज नए सप्ताह का पहला दिन है। हिंदू पंचांग के अनुसार आज आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि है




### मेष

आज आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे, लेकिन वाहनों का प्रयोग आप जल्दबाजी में ना करें। परोपकार के कार्य से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपको झूठा साबित करने की कोशिश करेगा। आप किसी अजनबी से लेन-देन ना करें।

### वृषभ

आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने रूपए पैसे से संबंधित कोई जरूरी जानकारी किसी को नहीं देनी है। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों को थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। आपका कोई परिजन आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए मेहनत जारी रखनी होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आप आज संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा परेशान ही रहेंगे, लेकिन आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप आज कोई फैसला बहुत ही समझदारी से ले। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की यदि आप योजना बना रहे थे, तो उसके लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। किसी सरकारी मामले में फैसला आने में कुछ समय और लगेगा। आपका मन में थोड़ी निराशा हो सकती है और अधिकारियों की कृपा पर बनी रहेगी। आप अपने कर्जो को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको कामों में अच्छे सफलता हासिल होगी। आप किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहेंगे और कोई रुका हुआ काम पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। बिजनेस में आप योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे और आपको इन्वेस्टमेंट संबंधित कोई प्लान मिले, तो उसमें इनवेस्टमेंट सोच समझकर करें। धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, इसलिए किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसे कुछ समय के लिए स्थापित कर दें। माता-पिता आपको काम को लेकर कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप अपनी संतान को किसी नौकरी से संबंधित कोर्स के लिए तैयारी करा सकते हैं। आज आपकी अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए सावधान रहकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके विरोधी सतर्क रहेंगे, जो आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है और आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के कोई किसी मौके भी हाथ से जाने नहीं देंगे, लेकिन आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आपको सामाजिक कामों के लिए कोई पुरस्कार आदि मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने पारिवारिक खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। सेहत आपकी नरम गरम रहेगी, जिसको लेकर एहतियात बरतनी होगी। आपकी जीवनसाथी से खटखटा हो सकती है। आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें और आप अपने बिजनेस को और बेहतर करेंगे, जिससे आपकी काम की क्वालिटी बेहतर होगी और आपको कुछ बड़े-बड़े ऑर्डर भी मिल सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। सरकारी कामों को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा सा ध्यान रखना होगा। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपने आसपास में हो रहे वाद-विवाद से दूरी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं, अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नये मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपके सगे-संबंधी आपके कामो में पूरा साथ देंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। विद्यार्थीयो को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपके रिश्तेदारों से आपका किसी बात को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको महिला मित्रों से व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपनी किसी पुराने गलती से सबक ले और उसे दोबारा ना दोहराएं, तभी आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आपको घूमने सुनने के दौरान कोई जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी नये वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

### मीन

आज आपके मन में कुछ संशय रहने के कारण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। आपकी कोई डील भी फाइनल होते-होते लटक सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपको तनाव दे सकते हैं। आप किसी दूसरे नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी से कहासुनी होने की संभावना है। आप अपने पेट का खास ख्याल रखें, इसलिए अत्यधिक मिर्च मसाले वाले भोजन से परहेज रखें और बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगाएं।

आज नए सप्ताह का पहला दिन है। हिंदू पंचांग के अनुसार आज आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मिथुन राशि में है। इसी के साथ चंद्र और गुरु की युति से गजकेसरी राजयोग का निर्माण हुआ है। वहीं चंद्रमा, राहु और मंगल के बीच त्रिकोण योग भी बनेगा। ज्योतिष गणना के अनुसार इन योगों के चलते आज के दिन कुछ राशि वाले के लिए दिन बहुत ही शुभ फलदायी साबित होगा। ऐसे में आइए जानते हैं आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा। विस्तार से जानते हैं को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,

# जौनपुर में भीषण हादसा

## छत्तीसगढ़ के दर्शनार्थियों से भरी बस ट्रेलर से टकराई, चार की मौत; नौ लोग घायल





Jaunpur Road Accident: उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में भीषण हादसा हुआ। जिसमें चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हैं। सभी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन कर काशी जा रहे थे। इसी दौरान भोर में हादसा हुआ। Jaunpur Road Accident: जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर में रविवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में अब तक चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। छत्तीसगढ़ से 50 श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या गई थी। अयोध्या दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु वाराणसी श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। भोर में करीब तीन बजे बस लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर में पहुंची थी। जहां ट्रेलर को ओवरटेक करने के चक्कर में बस टकरा गई।हादसा इतना भीषण था कि चक्कर के बाद मौके पर चीख- पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चार श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य श्रद्धालुओं का इलाज जारी है।एसपी जौनपुर डॉक्टर कौस्तुभ के मुताबिक हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हुई है। सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। जबकि नौ लोग घायल हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## Uttarakhand: नदियां लौटी अपने पुराने मार्ग

# उत्तरकाशी से दून तक हुई बर्बादी, कुछ सुविधा के लिए बड़ा नुकसान



उत्तरकाशी खीरगंगा से आई बाढ़ ने भारी नुकसान किया। रोड कनेक्टिविटी, कारोबार, सुविधा समेत अन्य कारणों से नदी, गदेरों के पास भी निर्माण किया जा रहा है, जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। कुछ सुविधा के लिए नई आबादी नदियों, गदेरो के किनारे बस रही है। ऐसे में जब नदियां अपने पुराने रास्ते पर वापस आ रही हैं तो उससे बड़ा नुकसान हो रहा है। यह उत्तरकाशी से लेकर देहरादून(वर्ष-2022) तक में दिखाई दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार पूर्वज अनुभवी थी, वे प्रकृति को समझते थे, इस लिए उन्होंने नदी गदेरों से सुरक्षित दूरी पर ठिकाना बनाते थे। भूकंप के मद्देनजर लकड़ी, पत्थर के मकान बनाए गए। पर अब स्थितियां बदल रही है। रोड कनेक्टिविटी, कारोबार, सुविधा समेत अन्य कारणों से नदी, गदेरों के पास भी निर्माण किया जा रहा है। दून विश्वविद्यालय के नित्यानंद हिमालयन रिसर्च सेंटर के प्रोफेसर डीडी चुनियाल कहते हैं कि नदी अपने पुराने मार्ग पर लौटती है।यह उत्तरकाशी में खीरगंगा नदी (धराली), तेल गाड गदेरों (हर्षिल) के दौरान देखने को मिला

## ओवेन कूपर ने सबसे कम उम्र में जीता एमी

### ट्रैमेल टिलमैन बने अवॉर्ड जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति



Emmy Awards 2025: 77वें एमी अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। इस दौरान कई कलाकारों ने एमी में इतिहास रचा, तो वहीं कई एक्टर-एक्ट्रेस ने अपने लुक्स से रेड कार्पेट पर सुर्खियां बटोरीं। यहां देखिए कुछ खास तस्वीरें। टेलीविजन के सबसे बड़े और चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। ये अवॉर्ड्स लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में हुए। 77वें एमी अवॉर्ड्स में कई अनोखे रिकॉर्ड्स भी बने और ऐसे पल भी आए जो पहली बार एमी अवॉर्ड्स में हुए। साथ ही इस दौरान रेड कार्पेट पर भी कलाकारों के अलग-अलग अंदाज देखने को मिले।77वें एमी अवॉर्ड्स के दौरान नेटफ्लिक्स के ओरिजिनल शो 'एडोलसेंस' में अभिनय करने वाले ओवेन कूपर एमी पुरस्कार जीतने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के अभिनेता बन गए। उन्होंने लिमिटेड सीरीज या फिल्म कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड जीता। उन्होंने यह अवॉर्ड सिर्फ 15 साल की उम्र में अपने नाम किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह वाकई अद्भुत है। सच कहूं तो, जब मैंने थिएटर क्लासेज शुरू की थीं, तो मुझे यह पुरस्कार जीतने की उम्मीद नहीं थी। तीन साल पहले मैं कुछ भी नहीं था, लेकिन अब मैं यहां हूं।

## दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन,

# खुद से तैयार किया केक; शेयर की तस्वीर



**Deepika Padukone Daughter Dua 1st Birthday**: दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ एक साल की हो गई हैं, बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तैयार किया।

**तैयार किया चॉकलेट केक**

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई। इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। **दीपिका ने कहा- ये मेरी प्रेम भाषा है** अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। डनेकर ने दिखाया प्यार इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।



## 'सन ऑफ सरदार 2' में खुद को दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी,



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा 'सन ऑफ सरदार' फिल्म का हिस्सा थीं, जिन्हें दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। हालांकि उन्हें 'सन ऑफ सरदार 2' में मेकर्स ने जगह नहीं दी। उनकी जगह फिल्म में मृणाल ठाकर ने मुख्य भूमिका निभाई। अब सोनाक्षी ने आखिरकार अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म के दूसरे भाग में अपनी अनुपस्थिति पर सफाई दी है। आइए जानते हैं कि आखिर क्या है कारण। **क्या बोलीं सोनाक्षी सिन्हा?** सोनाक्षी सिन्हा ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में 'सन ऑफ सरदार 2' में हिस्सा ना होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जहां तक मैं देख सकती हूं कि सन ऑफ सरदार 2 फिल्म के लिए वे विदेश गए थे। इसलिए वही किरदार कहानी का हिस्सा नहीं हो सकता था। आप केवल इसके लिए अपमानित महसूस नहीं कर सकते। आपको व्यावहारिक होना होगा और प्रत्येक फिल्म को एक अलग प्रोजेक्ट के रूप में लेना होगा।' सन ऑफ सरदार 2' फिल्म में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकर मुख्य भूमिका में थीं। इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया गया था। वही इस कॉमेडी ड्रामा में रवि किशन, विंदू दारा सिंह और संजय मिश्रा जैसे कलाकार भी मौजूद थे।




## Jolly LLB 3: आ गया 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर, इस बार कोर्ट में मजा और बहस होगी तीन गुना




अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अमृता राव और संजय मिश्रा सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'जॉली एलएलबी 3' इस कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इससे पहले फिल्म के दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी जॉली बने थे, जो मेरठ से आता है। जबकि दूसरे पार्ट 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। यह जॉली कानपुर से आता है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट में दोनों ही जॉली पहली बार एकसाथ नजर आएंगे।




# रानी मुखर्जी से लेकर अजय देवगन तक, इन कलाकारों ने पर्दे पर निभाया पुलिस का दमदार किरदार



**Police Roles In Bollywood:** पर्दे पर कई कलाकारों ने पुलिस का किरदार निभाया है। इन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। आइए इन कलाकारों के बारे में जानते हैं। मनोज बाजपेयी फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' में इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बॉलीवुड ने कई मशहूर पुलिसवाले दिए हैं। इन लोगों ने अपने साहस से पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी है। आइए, फिल्मी दुनिया के बेहतरीन पुलिस किरदारों पर एक नजर डालते हैं। **साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई।** इस फिल्म में उनके पुलिस वाले रोल को खूब पसंद किया गया। इसके बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न' और 2024 में 'सिंघम अगेन' बनाई।



## विवेक ओबेरॉय ने भाई अक्षय की टिप्पणी पर तोड़ी चुप्पी, बोले- 'इसके लिए सिर्फ वही जिम्मेदार हैं....'



बीते कुछ दिनों पहले बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के चचेरे भाई अक्षय ओबेरॉय ने विवेक के साथ अपने रिश्ते पर बात की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि दोनों में कोई रिश्ता नहीं है। इस बयान से सोशल मीडिया पर हलचल मच गई थी। अब इस पर अभिनेता विवेक ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि लोगों की सफलता उनकी योग्यता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने अपने चचेरे भाई अक्षय को लेकर विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा एक-दूसरे के जन्मदिन, दिवाली या माता-पिता की सालगिरह पर मौजूद रहते हैं। साथ बड़े होने की हमारी कुछ बेहतरीन यादें हैं।' अभिनेता ने आगे बताया, 'उन्हें जो भी सफलता और प्रशंसा मिली है, वह पूरी तरह से उनके हकदार हैं, क्योंकि इसके लिए सिर्फ वही जिम्मेदार हैं। यह इस बात पर आधारित नहीं होना चाहिए कि आप किसके भतीजे या चचेरे भाई हैं। यह पूरी तरह से योग्यता पर आधारित होना चाहिए। अक्षय ने अपनी योग्यता के दम पर सब कुछ हासिल किया है और मुझे इस पर बहुत गर्व है।'

## Manila: अवैध तंबाकू व्यापार रोकने के लिए बढ़ानी होगी सख्ती

## मनीला में आयोजित सम्मेलन में कारोबार पर चर्चा



मनीला में आयोजित सम्मेलन में अवैध तंबाकू कारोबार पर चर्चा हुई। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर बड़ी चिंता सामने आई, जिसका कारण अवैध तंबाकू व्यापार है। इसे कैसे रोक सकते हैं...इस पर फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल के अवैध व्यापार रोकथाम प्रमुख रॉडनी वैन डूरेन ने अमर उजाला के राहुल कांकरिया से अहम जानकारियां साझा कीं। दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में अवैध व्यापार से निपटने की क्या रणनीति रही और आपके नेतृत्व से इसमें कैसे मदद मिली?वाणिज्यिक नेतृत्व से अवैध व्यापार पर ध्यान देने के लिए एक महत्वपूर्ण मानसिक बदलाव की जरूरत है। व्यवसाय में, संचालन किसी देश के नियमों से निर्देशित होता है, जिनका हमें पूरी तरह पालन करना होता है। साथ ही, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की अपनी नीतियां और प्रक्रियाएं भी हैं। इसके उलट, अवैध नेटवर्क बिना किसी व्यवस्था के काम करते हैं। मैं इसे जटिल संगठित अपराध और पैसे की हेराफेरी की योजना कहता हूं, जिसके आतंकी फंडिंग से भी संबंध हैं। नकली सिगरेट का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। वैध की तुलना में सस्ता होने की वजह से अवैध उत्पादों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। यह न सिर्फ उपभोक्ता मांग के लिए चुनौती है, बल्कि नियामकी अनुपालन को बनाए रखने की जरूरत पर बल देती है।तंबाकू उत्पादों के निर्यात के मोर्चे पर नियामकीय खामियां दिखती हैं। आसियान, भारत, चीन और जीसीसी में निर्माताओं, निर्यातकों व ट्रांसशिपर्स के लिए सिर्फ घरेलू नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नहीं है कि उत्पाद उपभोग के लिहाज से बाजार में वैध है या नहीं। ऐसे में अवैध उत्पाद बन रहे हैं और उनका निर्यात हो रहा है।

# Share Market

## मामूली गिरावट के साथ खुला घरेलू शेयर बाजार, बाद में पकड़ी रफ्तार; हरे निशान पर सेंसेक्स-निफ्टी




अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच एशियाई बाजारों में तेजी देखी गई। इसके चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए उत्साह ने भी बाजारों को सकारात्मक दायरे में बने रहने में मदद की। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 153.82 अंक चढ़कर 81,578.97 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.15 अंक बढ़कर 25,007.25 पर आ गया।

**किसे फायदा-किसे नुकसान?**

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व हरे निशान पर दिखाई दिए। हालांकि, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को एक दिन की राहत के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 115.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले दिन 5,004.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे

## सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

11 Sep 25 | 09:29 | Open

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ADANIPORTS 1414.80 +1.86 % | ETERNAL 329.90 +1.74 % | NTPC 329.30 +1.14 % | BEL 390.80 +0.72 % | SBIN 824.05 +0.70 % | SUNPHARMA 1602.45 +0.55 % |
| POWERGRID 284.05 +0.41 % | BAJFINANCE 971.90 +0.40 % | TCS 3121.45 +0.36 % | ITC 414.40 +0.35 % | TITAN 3630.60 +0.31 % | RELIANCE 1380.80 +0.29 % |
| TATAMOTORS 710.75 +0.25 % | BAJAJFINSV 2042.30 +0.24 % | M&M 3612.10 +0.19 % | LT 3559.80 +0.18 % | TATASTEEL 169.55 +0.12 % | MARUTI 15139.00 +0.10 % |
| AXISBANK 1071.45 +0.07 % | ASIANPAINT 2544.05 +0.07 % | ICICIBANK 1403.50 0.00 % | TRENT 5190.30 -0.14 % | HCLTECH 1462.15 -0.17 % | HINDUNILVR 2639.00 -0.18 % |
| HDFCBANK 964.25 -0.19 % | BHARTIARTL 1886.90 -0.20 % | ULTRACEMCO 12453.70 -0.23 % | KOTAKBANK 1967.40 -0.30 % | TECHM 1515.95 -0.65 % | INFY 1516.25 -1.07 % |

## एनएसई के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर

**Gainers** Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| INDOCO | 317.75 | 40.90 | 14.77 | 2.52 | 7.76 |
| TOLINS | 195.50 | 19.93 | 11.35 | 21.42 | 41.11 |
| CYBERMEDIA | 21.73 | 1.97 | 9.97 | 0.78 | 0.17 |
| KMEW | 1,902.70 | 150.80 | 8.61 | 0.56 | 10.70 |
| GREENPANEL | 295.00 | 22.20 | 8.14 | 0.89 | 2.55 |

Gainers **Losers** Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| GOODLUCK | 1,076.90 | -73.70 | -6.41 | 2.17 | 23.86 |
| NOIDATOLL | 4.59 | -0.25 | -5.17 | 0.36 | 0.02 |
| BILVYAPAR | 12.42 | -0.66 | -5.05 | 0.04 | 0.00 |
| PREMIER | 3.21 | -0.17 | -5.03 | 0.00 | 0.00 |
| BVCL | 59.40 | -3.13 | -5.01 | 0.11 | 0.06 |

# UPI Rule Change

## अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू




अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

# US-Japan Trade

## अमेरिका-जापान व्यापार समझौता लागू, ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए; बेसलाइन टैरिफ 15%

अमेरिका और जापान के बीच के रिश्ते में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका-जापान व्यापार समझौते को लागू करने वाला एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत जापान से आने वाले लगभग सभी सामानों पर अमेरिका में 15 प्रतिशत आधारभूत टैरिफ (कर) लागू किया जाएगा। साथ ही, जापान ने अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति दी है।



**अमेरिका-जापान के रिश्ते का नया दौर**


इस आदेश में बताया गया है कि यह समझौता अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों के नए दौर की शुरुआत करेगा, जो दोनों देशों के हितों और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। इसके तहत अमेरिका लगभग सभी जापानी आयातों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि कुछ खास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, विमान निर्माण, दवाइयां और प्राकृतिक संसाधनों पर अलग नियम लागू होंगे। बता दें कि इस समझौते के बाद जापान अमेरिका से वाणिज्यिक विमान और रक्षा उपकरण भी खरीदेगा। इसके अलावा, जापान अमेरिका को कृषि, ऊर्जा, वाहन और अन्य उद्योगों में बाजार खोलने का मौका देगा।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# IND vs UAE: भारत ने 27 गेंदों में जीता मैच,

## यूएई को नौ विकेट से रौंदकर एशिया कप में की विजयी शुरुआत




**भारत ने नौ विकेट से जीता मुकाबला** एशिया कप 2025 में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को नौ विकेट से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन बना पाई। जवाब में भारतीय टीम ने 4.3 ओवर यानी महज 27 गेंदों में एक विकेट पर 60 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल (20) और सूर्यकुमार यादव (7) नाबाद रहे। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ने एक विकेट झटका। इससे पहले भारतीय टीम के लिए कुलदीप यादव ने चार और शिवम दुबे ने तीन विकेट झटके। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट झटके। अभिषेक शर्मा 30 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जुनैद ने अपना शिकार बनाया। भारत की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक शर्मा और



शुभमन गिल क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की घातक गेंदबाजी यूनिट के खिलाफ यूएई के बल्लेबाजों का जोर नहीं चला और टीम महज 57 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। उनके आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। यूएई की पारी की शुरुआत कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू ने की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बना दिया। पहला झटका टीम को 26 रन पर लगा, जब जसप्रीत बुमराह ने अलीशान शराफू (22 रन) को बोल्ड कर दिया। इसके बाद मोहम्मद जोहेब (2 रन) भी 29 के स्कोर पर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर आउट हो गए। नौवें ओवर में कुलदीप यादव ने कमाल दिखाया और एक ही ओवर में तीन विकेट झटके। उन्होंने राहुल चोपड़ा (3), कप्तान मोहम्मद वसीम (19) और हर्षित कौशिक (2) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यूएई का स्कोर 50 पर ही पांच विकेट खो बैठा। 51 रन पर शिवम दुबे ने आसिफ खान (2) को आउट कर छठा झटका दिया। फिर 52 रन पर अक्षर पटेल ने सिमरनजीत सिंह (1) को एलबीडब्ल्यू कर सातवां विकेट गिराया। जल्द ही दुबे ने ध्रुव पराशर (1) और जुनैद सिद्दीकी (2) को भी आउट कर दिया। अंतिम झटका कुलदीप यादव ने दिया, जब हैदर अली (1) को संजू सैमसन ने कैच पकड़ा। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके, जबकि शिवम दुबे ने 3 विकेट अपने नाम किए। जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती को 1-1 सफलता मिली। यूएई की पूरी टीम बेहद सस्ते स्कोर पर सिमट गई

# Hockey Asia Cup: भारतीय महिला टीम का विजयी क्रम जारी,

## सुपर 4 चरण में कोरिया को हराया; अब चीन से होगा सामना



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशिया कप में अपना विजयी क्रम जारी रखते हुए सुपर चार चरण के पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। यह इस प्रतिद्वंद्वी की छह मैचों में चौथी जीत है। पूल बी में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और ऋतुजा दादासो पिसल (59वें) मिनट ने गोल दागे। **ऋतुजा के गोल से भारत ने जीत की सुनिश्चित** कोरिया के लिए दोनों गोल यूजिन किम ने 33वें और 53वें मिनट में किए, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। भारत का अब अगला मुकाबला गुरुवार को चीन के साथ होगा। भारत ने शुरुआत में ही पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया और वैष्णवी की मदद से भारत ने खाता खोल लिया, जिन्होंने रिबाउंड पर गोल किया। उदिता के शुरुआती प्रयास को कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया था। संगीता के मैदानी गोल से भारत ने बढ़त पुख्ता कर ली। कोरिया की यूजिन ने भी एक गोल किया। लालरेमसियामी ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। किम ने अपना दूसरा गोल कर स्कोर 2-3 किया पर ऋतुजा के गोल से पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।




# World Boxing Championship

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का, नूपुर सेमीफाइनल में पहुंचीं




भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का कर लिया है। नूपुर ने महिला 80 किलो ग्राम से अधिक वर्ग में उजबेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दिग्गज मुक्केबाज हवा सिंह की पौत्री नूपुर ने सोतिमबोएवा को 4-1 से हराया। कुछ माह पूर्व विश्वकप का स्वर्ण पदक जीतने वाली 26 वर्षीय नूपुर को इस टूर्नामेंट में सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला था। विश्व चैंपियनशिप में प्लस 80 भारवर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज ही शिरकत कर रहे हैं, बावजूद इसके नूपुर की उपलब्धि कम नहीं है। उज्बेकिस्तानी मुक्केबाज काफी मजबूत मानी जा रही थीं। उन्होंने नूपुर को कड़ी टक्कर भी दी, लेकिन पिछली विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में नजदीकी हार नूपुर के दिमाग घूम रही थी। नूपुर को 2023 में 2-3 से हार मिली थी। ओल्टीनॉय का इस कारण एक अंक भी कटा। नूपुर ने नजदीक से अच्छे पंच भी जड़े। नूपुर इस जीत के साथ ही कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। इस वर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार रात जादुमणि सिंह (48 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने जीत के साथ पुरुष क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि जुगनू अहलावत (85 किग्रा) का अभियान स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकनल्टी के खिलाफ पहले दौर में हार के साथ समाप्त हो गया।

# Pro Kabaddi League

## पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।